भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5479

उत्तर देने की तारीख 25 मार्च, 2026

चंदौली में मोबाइल टावर

5479. श्री छोटेलालः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या चंदौली लोक सभा क्षेत्र के मुसाखंड, भीष्मपुर, चकिया, नौगढ़, होरिला, चिकनी, अवखा और सेयर पथरौली जैसे कई गांवों में मोबाइल टावरों की कमी है; और

(ख) उक्त सभी स्थानों पर मोबाइल टावर कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) चंदौली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी 1601 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी मौजूद है और 1600 गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी मौजूद है।

आबादी वाले सेवा से वंचित गांवों को मोबाइल कवरेज उनकी तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाती है। सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के वित्तपोषण से देश के सेवा से वंचित ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापित करके दूरसंचार कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए विभिन्न स्कीमों के लिए अनुमोदन प्रदान किया है। दिनांक 28.02.2026 की स्थिति के अनुसार, डीबीएन द्वारा वित्तपोषित विभिन्न स्कीमों के तहत उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के 23 गावों में 4जी मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

*****